# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।
**E- mail:-** upjarsultanpur@upjn.co.in


पत्रांक 4757 / W-19 / 106 दिनांक:-04/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः-डिजिटल मीडिया अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर डीम सख्त, कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 03.08.2026 को जिलाधिकारी महोदय, सुलतानपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गयी थी जिसमें तीनों फर्म क्रमशः 1. मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा रियलिटी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, हैदराबाद, 2. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक-गाजा जेवी, नोएडा तथा 3. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मुम्बई, डी0पी0एम0यू0 तथा टी0पी0आई0 के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। मीटिंग में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु उपजिलाधिकारी-सदर/कादीपुर/जयसिंहपुर को निर्देशित किया गया व तीनो कार्यदायी संस्थाओं को 90% से अधिक प्रगति वाली योजनाओं को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है तथा जो योजनायें पूर्ण हो चुकी है है उन पर ग्राम में बैठक कराकर पेयजल आपूर्ति की स्थिति व जो कमियां पाई जाये उनको निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा टी0पी0आई0 एजेन्सियों को कार्यो को गुणवत्तापूर्वक करने व विगत 01 माह में की गई गुणवत्ता की जॉच रिपोर्ट को संकलित कर प्रेषित किया जाय। उक्त बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन खण्ड द्वारा फर्म से करवाया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

भवदीय

(वकार हुसैन)
अधिशासी अभियन्ता


**पृ0सं0 एवं दिनांक :-उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि**- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प-सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/समस्त, जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

# Sultanpur News: जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त, कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी




सुल्तानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को 90 फीसदी से अधिक पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को एक महीने के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर संबंधित संस्थाओं को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने वीटीएल, गायत्री और यूनिवर्सल जैसी कार्यदायी संस्थाओं को विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने छह भूमि विवाद से संबंधित परियोजनाओं को तत्काल निपटाने के लिए उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए। इनमें सदर, जयसिंहपुर और कादीपुर तहसील के मामले शामिल हैं। जिलाधिकारी ने 135 पूर्ण हो चुकी योजनाओं में नियमित पानी की आपूर्ति की जांच के भी आदेश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को एक सप्ताह में खंड विकास अधिकारियों से जांच रिपोर्ट लेने को कहा। अधिकारियों को दूरदराज के गांवों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कोई भी गांव जल जीवन मिशन से वंचित न रहे। तीसरे पक्ष के निरीक्षण (टीपीआई) एजेंसी से पिछले एक माह की गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

विज्ञापन